बिहार सरकार

# श्रम संसाधन विभाग

# अल्पकालीन निविदा

दिनांक 13.11.2024 से दिनांक 14.12.2024 तक हरिहर क्षेत्र, सोनपुर में आयोजित होने वाले मेला के अवसर पर श्रम संसाधन विभाग द्वारा सम्पादित कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये आयोजन स्थल में लगभग 80X60 वर्गफीट का आवंटन मांगा गया है जो कम या अधिक हो सकता है। सोनपुर मेला में प्रदर्शित करने वाले भौतिक मॉडलों, विभागीय गतिविधियों इत्यादि के आयोजन के साथ विभाग के स्टॉल को सुसज्जित करने तथा उसका पूर्ण प्रबंधन एवं संचालन करने हेतु अर्हताधारी व्यक्ति/कंपनी/संस्था से दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के 'ए' विंग, पांचवा तल, नियोजन भवन, आयकर गोलम्बर, बेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में निविदा अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 4:00 बजे बिहार कौशल विकास मिशन के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी जिसमें निविदादाता भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। निविदा खोलने के उपरांत निविदादाताओं द्वारा प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाइंट प्रस्तुत करना होगा।

कार्य विवरणी एवं अन्य सूचनाएँ विभागीय वेबसाईट https://skillmissionbihar.org/ पर देखी जी सकती है।

9/10/24

मिशन निदेशक

बिहार कौशल विकास मिशन,

श्रम संसाधन विभाग, बिहार

बिहार सरकार
बिहार कौशल विकास मिशन
श्रम संसाधन विभाग
आमंत्रण सूचना संख्या –

# अल्पकालीन निविदा

दिनांक 13.11.2024 से दिनांक 14.12.2024 तक हरिहर क्षेत्र, सोनपुर में आयोजित होने वाले मेला के अवसर पर श्रम संसाधन विभाग द्वारा सम्पादित कार्यों को प्रदर्शित करने के लिये आयोजन स्थल में लगभग 80X60 वर्गफीट का आवंटन मांगा गया है जो कम या अधिक हो सकता है। सोनपुर मेला में प्रदर्शित करने वाले भौतिक मॉडलों, विभागीय गतिविधियों इत्यादि के आयोजन के साथ विभाग के स्टॉल को सुसज्जित करने तथा उसका पूर्ण प्रबंधन एवं संचालन करने हेतु अर्हताधारी व्यक्ति/कंपनी/संस्था से **दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक** प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है।

## निविदा में भाग लेने हेतु शर्तें–

1. निविदा में पंजीकृत फर्म भाग लेंगे।
2. निविदा के साथ अग्रिम राशि के रूप में रू. 50,000/– (रूपये पचास हजार) मात्र का बैंक ड्राफ्ट बिहार कौशल विकास मिशन, पटना के नाम से देय होगा।
3. इस प्रकार के आयोजन हेतु राजकीय/मेला/प्रदर्शनी के कार्य अनुभव का प्रमाण पत्र देना होगा।
4. निविदादाता द्वारा पूर्व 3 वर्षों में सरकारी ईवेंट मैनेजमेंट का कम से कम एक 06 लाख रूपये के एकल कार्यादेश पर कार्य किया गया हो।
5. निविदादाता का वित्तीय वर्ष 2022–23 या 2023–2024 के किसी एक वर्ष में न्यूनतम रू. 25.00 लाख का टर्नओवर होना चाहिए। टर्नओवर से संबंधित बैलेंस शीट और प्रॉफिट एण्ड लॉस एकाउंट की प्रति जो सी0ए0 द्वारा हस्ताक्षरित हो, को संलग्न करना अनिवार्य है।
6. निविदादाता का जी0एस0टी0 पंजीयन संलग्न करना अनिवार्य है।
7. **निविदादाता को अपने फर्म की विशिष्टितायें सहित तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग मुहरबंद लिफाफे में देना होगा। लिफाफे के ऊपर तकनीकी एवं वित्तीय निविदा अलग–अलग अंकित करना होगा, तथा फिर दोनों को एक तीसरे लिफाफे में मुहरबंद कर जमा करना होगा, जिस पर "सोनपुर मेला 2024 हेतु निविदा", एवं संस्था का नाम, मोबाईल नंबर, ईमेल आईडी अंकित करना होगा।**
8. **निविदादाता को वित्तीय निविदा के सभी Section के सभी अवयवों के विरूद्ध राशि कोट करना अनिवार्य होगा अन्यथा वित्तीय निविदा सीधे तौर पर अस्वीकार कर दी जायेगी।**
9. दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 04:00 बजे निविदा समिति के समक्ष प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाईंट प्रस्तुत करना होगा, जिसमें प्रस्तावित मॉडल, रिसेप्शन, प्रदर्शित, की जाने वाली मीडिया (Films, Sound Clips) वितरित किये जाने वाले बुकलेट स्टॉल के पूर्ण डिजाईन एवं सुसज्जीकरण आदि पक्षों को शामिल करना अनिवार्य होगा।
10. **जिनका प्रस्तुतीकरण अच्छा होगा एवं तकनीकी रूप से सफल पाये गये निविदादाताओं की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।**

11. **वित्तीय निविदा में यूनिट की संख्या दी गई है। निविदादाता को Rate Per Unit (जीएसटी छोड़कर) दर्शा कर, यूनिट की संख्या के साथ Rate Per Unit को गुणा कर कुल राशि अंकित करना होगा। जीएसटी अलग से दिया जाएगा।**
12. **वित्तीय निविदा के सभी** Section **को मिलाकर कुल वित्तीय बोली निकाली जायेगी और जिस निविदादाता की कुल वित्तीय बोली न्यूनतम होगी उसे सफल निविदादाता घोषित किया जायेगा और कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।**
13. सफल एजेंसी को प्रत्येक कार्यदिवस में किये गये कार्यों का प्रमाणीकरण संबंधित नोडल पदाधिकारी से लेना होगा।
14. मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, बिहार कौशल विकास मिशन को बिना कारण बताये निविदा की शर्तों में परिवर्तन या किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार होगा।
15. त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
16. **दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 3:00 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के 'ए' विंग, पांचवा तल, नियोजन भवन, आयकर गोलम्बर, बेली रोड, पटना स्थित कार्यालय में निविदा अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जानी चाहिए। दिनांक 24.10.2024 को अपराह्न 4:00 बजे बिहार कौशल विकास मिशन के कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष निविदा खोली जायेगी जिसमें निविदादाता भी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। निविदा खोलने के उपरांत निविदादाताओं द्वारा प्रस्तावित कार्यों का विवरण या पावर प्वाइंट प्रस्तुत करना होगा।**
17. निर्धारित समयसीमा से देरी की स्थिति में प्रतिदिन रू. 5000/— जुर्माने के रूप में लगाया जाएगा।
18. संतोषप्रद कार्य न करने की स्थिति में अधिकतम 10 प्रतिशत राशि जुर्माने के रूप में लगाई जा सकती है, जो कि नहीं किये गये कार्य के भुगतेय राशि के अतिरिक्त होगा।
19. विद्युत आपूर्ति का बैकअप 05 मिनट से ज्यादा की अवधि में चालू नहीं रहने पर रू. 1,000/— प्रतिघंटा की दर से प्रत्येक घंटे या घंटे के अंश पर पूर्ण जुर्माने के रूप में लगाया जाएगा।
20. किसी भी प्रकार की आई0टी0 सुविधा के 30 मिनट से अधिक आउटेज की स्थिति में रू. 2000/— प्रतिघंटा की दर से प्रत्येक घंटे या घंटे के अंश पर पूर्ण जुर्माने के रूप में लगाया जाएगा।
21. कार्य विवरणी में वर्णित कार्य कम से कम 80 प्रतिशत पूर्ण होने के बाद से ही भुगतेय दिनों की गिनती प्रारंभ होगी।
22. **कार्य विवरणी में अंकित कार्यों के लिये राशि का भुगतान आवश्यकता एवं वास्तविक आपूर्ति के आधार पर किया जायेगा। अंकित संख्या से अधिक आवश्यकता पड़ने की स्थिति में उसका आपूर्ति आदेश उसी दर पर अलग से दिया जायेगा।**
23. निविदा एवं अन्य सूचनाएँ विभागीय वेबसाईट https://skillmissionbihar.org/ पर देखी जी सकती है।
24. निविदा की सभी शर्तें निविदा खुलने की तिथि को मान्य/वैध होनी चाहिए।

**मिशन निदेशक,**
**बिहार कौशल विकास मिशन**
**मो. न. 9431881162**

## कार्य विवरणी एवं वित्तीय निविदा का प्रारूप

**Section – A**

पंडाल निर्माण **(80 X 60 = 4800 Sqft.)**

| विवरण | Unit | Rate per Unit (Excluding GST) | Total Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|
| • मेला स्थान का समतलीकरण एवं प्रत्येक दिन स्थान की साफ–सफाई।<br>• बांस बल्ली या धातु शेड का प्रयोग कर वाटर प्रुफ पंडाल निर्माण करने का कार्य।<br>• लगभग 80 प्रतिशत जमीन पर Wooden Flooring कर सिन्थेटिक कारपेट बिछाने का कार्य।<br>• स्टॉल के आगे फेशिया का निर्माण एवं LED Light के साथ साज–सज्जा।<br>• Plywood POP, रंग पेन्ट, विनायल/फ्लैक्स इत्यादि से स्वीकृत डिजाईन के अनुसार निर्माण कार्य।<br>• पंडाल के अन्दर 02 रेस्ट रूम शौचालय के साथ तैयार करना, जिसमें 01 रेस्ट रूम विशिष्ट अतिथिगण के लिये होगा, जबकि दूसरा मेला में प्रतिनियुक्त कर्मियों के प्रयोजन के लिये रहेगा। | **4800 Sqft** | | |

**Section - B**

स्टॉल मेकिंग एवं मैनेजमेंट **(Stall Making and Management)**

| क्र. | विवरण | Unit | Rate per Unit (Excluding GST) | Total Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्टॉल के अन्दर 6 फीट गुणा 03 फीट का 20 अद्द ब्रोमाइड पैनल का निर्माण कर, लगाने का कार्य। | 20 | | |
| 2. | प्रतिदिन राउंड–द–क्लॉक सफाई की व्यवस्था करने का कार्य। पर्याप्त संख्या में डस्टबिन की व्यवस्था करना। (कुल 32 दिन) | 32 | | |
| 3. | स्टॉल के अन्दर Plywood से Wall निर्माण कर ट्रांसलाइट के द्वारा विभिन्न योजनाओं को दिखाने का कार्य। (कुल 10 Stall ) | 10 | | |
| 4. | भौतिक मॉडलों के सुसज्जीकरण, अधिष्ठापन एवं प्रदर्शन का कार्य। (अर्थात 01 अदद कार्य) | 01 | | |

| क्र. | विवरण | Unit | Rate per Unit (Excluding GST) | Total Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|---|
| 5. | स्टॉल का उत्कृष्ट सुसज्जीकरण, फिक्शचर इत्यादि की व्यवस्था का कार्य। (कुल 10 Stall) | 10 | | |
| 6. | फर्नीचर की व्यवस्था (सोफा 03 सीटर) लगभग 04 अद्द। | 04 | | |
| 7. | उद्घाटन एवं समापन समारोह के दिन फर्नीचर (कुर्सी) की व्यवस्था लगभग 100 अद्द।<br>(100 कुर्सी प्रतिदिन, दो दिन के लिये, 100 X 2 = 200 कुर्सी) | 200 | | |
| 8. | उद्घाटन एवं समापन समारोह के दिन फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी की व्यवस्था का कार्य।<br>(अर्थात कुल 2 दिन) | 2 | | |
| 9. | 02 अद्द सुरक्षा गार्ड प्रतिदिन राउंड–द–क्लॉक की व्यवस्था का कार्य।<br>(अर्थात 2 अदद गार्ड प्रतिदिन 32 दिन के लिये, 2X32 = 64) | 64 | | |
| 10. | उद्घाटन एवं समापन समारोह के दिन पंडाल को फूल से डेकोरेट करने एवं 10 बुके की व्यवस्था का कार्य।<br>(अर्थात कुल 2 दिन) | 2 | | |
| | **समेकित मूल्य** | | | |

**Section - C**

विद्युत एवं विद्युत से संबंधित कार्य **(Electrical and Allied Work)**

| क्र. | विवरण | Unit | Rate per Unit (Excluding GST) | Total Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निर्बाध विद्युत की आपूर्ति, पावर बैकअप एवं अग्निशमन की समुचित व्यवस्था का कार्य। डिजिटल अर्थिंग एवं इलेक्ट्रिकल अर्थिंग की व्यवस्था। पर्याप्त केवीए कनेक्शन सुनिश्चित करना। (अर्थात 01 अदद कार्य) | 01 | | |
| 2. | स्टॉल के अन्दर एवं बाहर आवश्यकतानुसार आवश्यक विद्युत सजावट करने का कार्य। (अर्थात 01 अदद कार्य) | 01 | | |
| 3. | स्टॉल के अन्दर 55 इंच के लगभग 06 प्लाज्मा/एल0सी0डी0 /एल0ई0डी0 टी0वी0 लगाने का कार्य।<br>(अर्थात 6 स्क्रीन प्रतिदिन, 32 दिन के लिये, 6X32 = 192) | 192 | | |

| क्र. | विवरण | Unit | Rate per Unit (Excluding GST) | Total Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|---|
| 4. | स्टॉल प्रदर्शनी अवधि में PA System के साथ न्यूनतम दो होस्टेस की व्यवस्था एवं रिसेप्शन डेस्क का अधिष्ठापन करने का कार्य। (अर्थात 2 अदद रिसेप्शन होस्टेस प्रतिदिन 32 दिन के लिये, 2X32 = 64) | 64 | | |
| 5. | काउंसिलिंग सेंटर, आई0टी0 डेस्क काउंटर (लैपटॉप, कम्प्यूटर ऑपरेटर, प्रिंटर कॉर्टिज, पेपर एवं स्टेशनरी) इत्यादि की व्यवस्था करना। (अर्थात 01 अदद कार्य) | 01 | | |
| 6. | Public Announcement System इत्यादि की व्यवस्था करने का कार्य। (अर्थात 01 अदद कार्य) | 01 | | |
| 7. | पूरे पण्डाल में कम से कम 60 mbps स्पीड के वाई–फाई के लगभग 04 Access Point की व्यवस्था करने का कार्य। | 04 | | |
| | **समेकित मूल्य** | | | |

**Section - D**

अल्पाहार एवं भोजनआदि की व्यवस्था **(Catering Work)**

| क्र. | विवरण | Unit | Rate per Unit (Excluding GST) | Total Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आयोजन स्थल पर प्रतिदिन लगभग 100 बॉटल पेयजल (500 ml) की व्यवस्था करने का कार्य। (अर्थात 100 बॉटल प्रतिदिन, 32 दिन के लिये, 100 X 32 = 3200) | 3200 | | |
| 2. | आयोजन स्थल पर प्रतिदिन लगभग 50 व्यक्तियों के लिये 02 Cookies with Tea/Coffee की व्यवस्था सुबह 10:00 बजे एवं शाम 04:00 बजे करने का कार्य। (अर्थात 50 व्यक्तियों के लिये प्रतिदिन 02 बार, 32 दिन के लिये, 50 X 2 X 32 = 3200) | 3200 | | |
| 3. | आवश्यकतानुसार प्रतिदिन लगभग 20 व्यक्तियों के लिये Cold Drinks/Juice (200 ml) की व्यवस्था करने का कार्य। (अर्थात 20 व्यक्तियों के लिये प्रतिदिन, 32 दिन के लिये, 20 X 32 = 640) | 640 | | |
| 4. | आवश्यकतानुसार प्रतिदिन लगभग 10 व्यक्तियों के लिये अल्पाहार (हींग कचौड़ी, कटलेट, मखाना फ्राई, गुलाब जामुन बड़ा साईज, बेसन गजक, | 320 | | |

| क्र. | विवरण | Unit | Rate per Unit (Excluding GST) | Total Amount (Excluding GST) |
|---|---|---|---|---|
| | कलाकंद अथवा समतुल्य) की व्यवस्था करने का कार्य।<br>(अर्थात 10 व्यक्तियों के लिये प्रतिदिन, 32 दिन के लिये, 10 X 32 = 320) | | | |
| 5. | आवश्यकतानुसार प्रतिदिन लगभग 50 व्यक्तियों के लिये भोजनादि (जीरा राईस, दाल फ्राई, रोटी/पराठा, पनीर मशाला/मशरूम, आलू गोभी/आलू परवल/मिक्स वेज, Pickle, पापड़, सलाद एवं Sweets अथवा समतुल्य) की व्यवस्था दोपहर 01:00 बजे से 02:00 बजे के बीच में करने का कार्य।<br>(अर्थात 50 व्यक्तियों के लिये प्रतिदिन, 32 दिन के लिये, 50 X 32 = 1600) | 1600 | | |
| 6. | उद्घाटन एवं समापन समारोह के दिन लगभग 300 व्यक्तियों के लिये भोजनादि/विशेष अल्पाहार (हींग कचौड़ी, कटलेट, मखाना फ्राई, गुलाब जामुन बड़ा साईज, बेसन गजक, कलाकंद, वॉटर बोतल (250 ml) अथवा समतुल्य) की व्यवस्था करने का कार्य।<br>(अर्थात 300 व्यक्तियों के लिये प्रतिदिन, 02 दिन के लिये, 300 X 02 = 600) | 600 | | |
| | **समेकित मूल्य** | | | |